


नवभारत
भोपाल, शनिवार 4 जुलाई 2026


# त्रिमूर्ति चौराहे पर जानलेवा गड्ढा

## प्रशासनिक उदासीनता से ग्रामीणों में आक्रोश, जल्द पेंचवर्क कराने की मांग

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 3 जुलाई. क्षेत्र के व्यस्ततम त्रिमूर्ति चौराहे पर सड़क के बीचों-बीच एक गहरा गड्ढा आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है. बारिश का मौसम शुरू होने के बाद से स्थिति और भी बदतर हो गई है, जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों में गहरा रोष है. गड्ढे की वजह से यहां पर आए दिन हादसे हो रहे हैं. और ज़िम्मेदार अधिकारी इस और ध्यान ही नहीं दे रहे हैं.**



### बारिश के पानी में 'अदृश्य' हो जाता है गड्ढा

स्थानीय रहवासी देवेन्द्र ने बताया कि सड़क पर हुए इस गहरे गड्ढे के कारण प्रतिदिन मोटरसाइकिल चालक और पैदल यात्री गिरकर चोटिल हो रहे हैं. मानसून की दस्तक के बाद से समस्या दोगुनी हो गई है. सड़क पर जलभराव के कारण वाहन चालकों को गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और अचानक अनियंत्रित होकर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से शिकायतें भेजी गईं, लेकिन प्रशासन अब तक गहरी नींद में सोया हुआ है और पेंचवर्क का काम अधर में लटका है.

### नेताओं के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

सड़क की इस बदहाली और प्रशासनिक अनदेखी को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है. स्थानीय निवासियों ने राजनेताओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नेता सिर्फ चुनाव के समय हाथ जोड़कर वोट मांगने आते हैं. चुनाव जीतने के बाद कोई भी जनप्रतिनिधि क्षेत्र की सुध लेने पलटकर नहीं आता. यही कारण है कि आज ग्रामीण इलाकों में बुनियादी समस्याओं और जर्जर सड़कों का अंबार लगा हुआ है.

भोपाल से रायसेन होते हुए विदिशा जाने वाले इस मुख्य मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है. भारी और कमर्शियल वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण सड़कें तेजी से जर्जर हो रही है. कुछ दिन पूर्व ही इस जानलेवा गड्ढे की वजह से एक बड़ा हादसा सामने आया था. त्रिमूर्ति चौराहे के सड़क जोड़ पर एक मोटरसाइकिल चालक अचानक अनियंत्रित होकर गहरे गड्ढे में गिर गया.

### इनका कहना है

सड़क पर पानी भरा होने के कारण गड्ढा दिखाई नहीं देता. हर दिन यहाँ कोई न कोई राहगीर गिरकर लहूलुहान हो रहा है, लेकिन प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है.

**- रोहित, स्थानीय ग्रामीण**

# जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में 43 पदों पर होगी भर्ती

**रायसेन.** राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर पोषण प्रबंधन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी सहायिकाओं की भर्ती करने का निर्णय लिया है. रायसेन जिले में कार्यकर्ता के 14 तथा सहायिका के 29 पद रिक्त हैं. इसमें एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से ही आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं.

पोर्टल पर जाकर 01 जुलाई से अपने आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई निर्धारित की गई है, जबकि भरे गए फॉर्म में किसी भी प्रकार के त्रुटि सुधार के लिए 15 जुलाई तक का समय दिया जाएगा.

# एक बजे तक स्कूल में लटका रहा ताला, शिक्षक नहीं पहुंचे

- जैतगढ़ शासकीय माध्यमिक शाला का मामला

समय पर स्कूल नहीं खुलने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

नवभारत न्यूज

**बम्होरी, 3 जुलाई. संकुल केंद्र बम्होरी अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला जैतगढ़ में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे तक स्कूल में ताला लटका मिला. निर्धारित समय के बाद भी विद्यालय नहीं खुलने से छात्र-छात्राओं पढ़ाई प्रभावित हुई.**

ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय के शिक्षक अक्सर समय पर स्कूल नहीं पहुंचते, जिससे नियमित रूप से शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है.



उनका कहना है कि समय पर कक्षाएं शुरू नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई का नुकसान हो रहा है. ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मामले की जांच कर जिम्मेदार शिक्षकों पर कार्रवाई करने तथा विद्यालय में शिक्षकों की नियमित और समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की है.

### इनका कहना है

आपके के माध्यम से जानकारी मिल रही है जांच करवाते हैं.

**- राजेश शर्मा, संकुल प्राचार्य बम्होरी**

# 200 साल प्राचीन बालाजी धाम से मिली मेहगांव को पहचान

## हफ्ते में यहां दो दिन सजता है 'दिव्य दरबार'





अदनान खान

**सलामतपुर, 3 जुलाई. कहते हैं जहां अटूट श्रद्धा होती है, वहाँ साक्षात ईश्वर का वास होता है. कुछ ऐसा ही नजारा रायसेन जिला मुख्यालय के समीप स्थित ग्राम पंचायत मेहगांव में देखने को मिलता है.**

इस छोटे से गांव को आज पूरे मध्य प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों में एक अलग और विशिष्ट पहचान मिली है, और इसका श्रेय जाता है यहाँ स्थित 200 वर्ष पुराने प्राचीन बालाजी धाम को. यह पावन धाम आज लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहाँ आने वाले भक्तों की हर बिगड़ी बात बन जाती है.

बालाजी धाम की महिमा ऐसी है कि यहां सप्ताह के दो विशेष दिनों—मंगलवार और शनिवार को भगवान बालाजी का 'दिव्य दरबार' सजाया जाता है. इस दिव्य दरबार में प्रति सप्ताह लगभग एक से दो हजार श्रद्धालु अपनी अर्जियां लेकर पहुँचते हैं. विगत 50 वर्षों से इस दरबार के माध्यम से जनसेवा और भक्ति का अलख जगा रहे संत गोपाल सिंह ने बताया कि यहाँ आने वाले भक्तों को अद्भुत मानसिक और शारीरिक लाभ प्राप्त होता है.

बालाजी धाम परिसर में पिछले 24 वर्षों से बिना रुके (चौबीसों घंटे) रामायण का पाठ किया जा रहा है. इसके साथ ही, मंदिर के गर्भगृह में अखंड जोत प्रज्वलित है, जो पिछले 24 सालों से लगातार अंधकार को मिटाकर भक्तों के जीवन में सकारात्मकता का प्रकाश फैला रही है. इस निरंतर मंत्रोच्चार और संकीर्तन से पूरे क्षेत्र का वातावरण शुद्ध और भक्तिमय बना रहता है.

# बिजली कम्पनी ने 9 लाख से अधिक वसूले

- क्षेत्र में विद्युत चोरी रोकने और बकाया बिलों की वसूली के लिए की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 3 जुलाई.** विशेष चैकिंग अभियान के तहत क्षेत्र में विद्युत चोरी रोकने और बकाया बिलों की वसूली के लिए बिजली कम्पनी ने कार्रवाई की है. मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड के उपमहाप्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि महाप्रबंधक के निर्देश पर 02 जुलाई को चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के तहत रायसेन शहर जोन में कुल 52 विद्युत कनेक्शनों की सघन जांच की गई.

इस जांच कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने और गड़बड़ी मिलने पर बिजली कम्पनी द्वारा लगभग 9,80,000 रुपये की राशि की बिलिंग की गई है, इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व और चेकिंग कार्य स्वयं सहायक प्रबंधक एवं प्रबंधक द्वारा किया गया.

विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि राष्ट्रहित और अपनी सुरक्षा के लिए केवल वैध कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करें.

यदि किसी उपभोक्ता का मीटर बंद है या कोई अन्य समस्या है तो वह टोल फ्री नम्बर 1912 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं. इसके अतिरिक्त स्थानीय विद्युत कार्यालय में आवेदन भी दे सकते हैं. यदि कोई व्यक्ति बिजली चोरी या नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उस पर सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# एक बच्चे और पत्नी को बस में बैठाया, दोनों गायब

- महिला सहित बच्चे को तलाश रही सुल्तानपुर पुलिस

नवभारत न्यूज

**देवरी (रायसेन), 3 जुलाई.** रायसेन जिले के देवरी निवासी अनिल अहिरवार ने अपनी पत्नी और एक बेटे के लापता होने की शिकायत सुल्तानपुर थाने में दर्ज कराई है. पुलिस मामले की जांच कर महिला और बच्चे की तलाश में जुट गई है.

जानकारी के अनुसार, अनिल अहिरवार अपनी पत्नी रामेति अहिरवार और दो बच्चों के साथ मंडीदीप से मोटरसाइकिल द्वारा देवरी लौट रहा था. रास्ते में सुल्तानपुर जोड़ के पास पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई. इसके बाद रामेति ने मायके निवाड़ी जाने की इच्छा जताई. अनिल ने पत्नी और एक बच्चे को बस में बैठा दिया.

शाम को जब अनिल अपनी ससुराल पहुंचा तो पता चला कि उसकी पत्नी बच्चे सहित वहां नहीं पहुंची. इसके बाद उसने सुल्तानपुर थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई. पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला और बच्चे की तलाश शुरू कर दी है तथा विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है.

# जिले में 24 घंटे में हुई 17 .3 मिमी औसत वर्षा

**रायसेन, 3 जुलाई.** जिले में 01 जून से 03 जुलाई तक 159.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई तथा गत वर्ष इसी अवधि में 260.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून 2026 से 03 जुलाई 2026 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 186.6 मिलीमीटर, गैरतगंज में 134.4, बेगमगंज में 304.1, सिलवानी में 118, गौहरगंज में 148.5, बरेली में 164, उदयपुरा में 222, बाड़ी में 122, सुल्तानपुर में 89.7 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 104.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है. जिले में बीते 24 घंटे में 03 जुलाई 2026 को सुबह तक 17.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 12.2 मिलीमीटर, गैरतगंज में 4.2, बेगमगंज में 7.9, सिलवानी में 3.4, गौहरगंज में 45.8, बरेली में 39, उदयपुरा में 12, बाड़ी में 32, सुल्तानपुर में 3.4 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 13.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है.

# ग्रामीणों को साइबर ठगी से बचने के तरीके बताए

- पुलिस का सेफ क्लिक 2.0 अभियान

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 3 जुलाई. रायसेन जिले में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान लगातार चलाया जा रहा है.**

इसी क्रम में शुक्रवार को सलामतपुर थाना क्षेत्र की दीवानगंज चौकी अंतर्गत अंबाडी गणेश मंदिर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.



कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी श्यामराज सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सुनील शर्मा एवं आरक्षक परितोष ने ग्रामीणों के साथ जागरूकता संवाद किया. लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के खतरे, फिशिंग लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए. पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंकिंग संबंधी जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड साझा न करें. यदि किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या संबंधित पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं.सलामतपुर पुलिस ने नागरिकों से सतर्क और जागरूक रहकर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की अपील की, ताकि साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके.

# पर्यटन क्विज स्पर्धा 25 जुलाई तक होगी

**रायसेन.** मप्र के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, धरोहरों, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक संपदा और पर्यटन की संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 'पर्यटन क्विज-2026' का आयोजन किया जा रहा है. जिला स्तरीय इस क्विज में भाग लेने के लिए विद्यालयों द्वारा ऑनलाइन पंजीयन 1 जुलाई से 25 जुलाई 2026 तक शाम 5:30 बजे तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकता है. इस में सभी शासकीय, अशासकीय, सी.बी.एस.ई., केंद्रीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्र-छात्राएं सहभागिता कर सकते हैं.

# क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में रोपे पौधे

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 3 जुलाई. क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय द्वारा 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जा रहा है. इसके तहत शुक्रवार को दुर्लभ, औषधीय पौधों का रोपण किया गया.**

संग्रहालय की वैज्ञानिक एवं कार्यालयाध्यक्ष डॉ.बीनिश रफ़त, वैज्ञानिक मानिक लाल गुप्त और सभी कर्मचारियों द्वारा संग्रहालय के औषधीय उद्यान एवं उसके आसपास हत्कन, गुड़मार, गुन्जा, निशोथ, ब्राह्मी, मधुकामिनी, पत्थरचूर, नागदमनी, सोम्बल्ली और कुम्बी जैसे पौधों का रोपण किया गया. इस अवसर पर भोपाल बर्ड्स कंजर्वेशन सोसाइटी, भोपाल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. खालिक द्वारा छत्तीसगढ़ से लाए गए तिन्सा, कचनार, साल, करंज के सीड बॉल्स संग्रहालय को भेंट किए गए. इनसे आने वाले दिनों में इनके पौधों की पैदावार की संभावना है. संग्रहालय द्वारा नागरिकों को नि:शुल्क पौधे भी वितरित किए जा रहे हैं, इच्छुक व्यक्ति संग्रहालय आकर नि:शुल्क पौधे प्राप्त कर सकते हैं.

# सलामतपुर में तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन

## किशोर-किशोरियों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए 'एम्बेसडर' तैयार

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 3 जुलाई. जिले में किशोर-किशोरियों के स्वास्थ्य, मानसिक विकास और उनके समग्र सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है.**

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस प्रोग्राम के अंतर्गत 'एम्बेसडर' तीन-दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया. यह विशेष आयोजन संघमित्रा रिसॉर्ट, सलामतपुर में आयोजित हुआ.



यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्कूल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, यू.एन.एफ.पी.ए. तथा इसकी क्रियान्वयन एजेंसी बीजीएमएस के संयुक्त तत्वावधान में एफपीएआई संस्था शाखा भोपाल द्वारा आयोजित किया गया था. इस तीन-दिवसीय गहन आवासीय प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और समन्वयकों को इस योग्य बनाना है कि वे किशोरों की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझ सकें.

शारीरिक और मानसिक बदलावों पर चर्चा: किशोर अवस्था में होने वाले हार्मोनल, शारीरिक और मानसिक बदलावों व उनसे जुड़ी समस्याओं के समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई.रोल मॉडल बनने के गुर: प्रतिभागियों को बच्चों के लिए एक 'आदर्श रोल मॉडल' बनने और उनकी चुनौतियों को समझकर उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करने के गुर सिखाए गए. शिक्षकों को किशोर-किशोरियों के साथ एक मजबूत और विश्वासपूर्ण संबंध स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया ताकि वे बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव रख सकें. कार्यक्रम का सुचारू संचालन किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता मिथुन यादव द्वारा किया गया. प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका चौहान, परियोजना समन्वयक वरुण दुबे एवं बीईओ शैलेंद्र यादव के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ.

बैठक — संभागायुक्त शर्मा ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# योजनाओं का पारदर्शिता के साथ समय पर मिले नागरिकों

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 3 जुलाई. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में जिले में विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई.**



बैठक में संभागायुक्त शर्मा ने विभागवार योजनाओं तथा कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला अधिकारियों से कहा कि नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तथा सेवाओं की प्रदायगी समयावधि में पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराना शासन की प्राथमिकता है. इसके लिए सभी अधिकारी दृढ़ संकल्पित होकर कार्य करें. उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का नियमों को ध्यान रखते हुए संवेदनशीलता और व्यवहारिक दृष्टिकोण के साथ त्वरित रूप से निराकरण किया जाए. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा संभागायुक्त को जिले में शासन की योजनाओं तथा कार्यो की प्रगति से अवगत कराया गया. संभागायुक्त ने नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा आदि राजस्व प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रकरणों को समयसीमा के पहले ही निराकृत किया जाए.

संभागायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए आवासों का निर्माण कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि हितग्राहियों को किस्त का भुगतान समय पर हो तथा राशि का उपयोग आवास निर्माण में ही हो यह सुनिश्चित कराएं. परिवहन विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को स्कूल बसों की समय-समय पर फिटनेस, मेडिकल किट की उपलब्धता की जांच हेतु निर्देशित किया.


# ग्रामीणों को साइबर ठगी से बचने के तरीके बताए

- पुलिस का सेफ क्लिक 2.0 अभियान

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 3 जुलाई. रायसेन जिले में पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान लगातार चलाया जा रहा है.**

इसी क्रम में शुक्रवार को सलामतपुर थाना क्षेत्र की दीवानगंज चौकी अंतर्गत अंबाडी गणेश मंदिर पर साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी श्यामराज सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सुनील शर्मा एवं आरक्षक परितोष ने ग्रामीणों के साथ जागरूकता संवाद किया. लोगों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के खतरे, फिशिंग लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए. पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंकिंग संबंधी जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड साझा न करें. यदि किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या संबंधित पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं.सलामतपुर पुलिस ने नागरिकों से सतर्क और जागरूक रहकर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की अपील की, ताकि साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके.


